संख्या-3**1/2119/41-2014-58 सा0/08**

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी,
अनुसचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा मे,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0, लखनऊ ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ: दिनांक: 05 सितम्बर, 2014**

विषय: <u>वित्तीय वर्ष 2014-15 में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, अलीगढ़ के लिये नियमित अनुदान के अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-698/3-1-2/384/(बजट आवंटन)/2014-15 दिनांक-11.08.2014 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट अलीगढ़ को वेतन भत्ते के लिये सहायता अनुदान की मद में रू0-100.00 लाख (रूपये एक करोड़ मात्र) की धनराशि निम्नांकित शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय प्रदान करते हैं:-

(1) उक्त धनराशि कोषागार से एकमुश्त आहरित करके व्यय की जायेगी।

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत नियमों एवं शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये किया जायेगा।

(3) उक्त धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं बजट मैनुअल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये किया जायेगा।

(4) संस्थान के लेखों का आडिट निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा द्वारा किया जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के अनुदान संख्या-44 के लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-आयोजनेत्तर-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-04-अलीगढ़ फूड क्राफ्ट इन्स्टीट्यूट की स्थापना-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन) के नामे डाला जायेगा।

http://shasnadesh.up.nic.in

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक-22.07.2014 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

<u>संख्या-</u>3**<u>1/ 2119 (1)/41-2014 तद्दिनांक।</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ0प्र0, 20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
4. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ0प्र0 इलाहाबाद।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7. प्रधानाचार्य, फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट, अलीगढ़।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

http://shasnadesh.up.nic.in